# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# युवाओं का जोश देखकर हमारी जीत पक्की है: सिसोदिया

**जनसंपर्क**

## तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे, कांग्रेस व बीजेपी पर साधा निशाना

**संवाददाता**

रुद्रपुर। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया अपने तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे जहां वह सबसे पहले खटीमा गए जहां उन्होंने शहीद स्थल पहुंच कर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए अपने मिशन की शुरुआत की। इसके बाद वो आप प्रत्याशी एसएस कलेर के पक्ष में खटीमा बाजार में पहुंचे और डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क किया। उन्होंने जन संपर्क करते हुए बाजार में मौजूद सभी दुकानदारों को आम आदमी पार्टी की गारंटी के पर्चे बांटे और उन्हें बदलाव के लिए आम आदमी को वोट देने की अपील भी की। लोगों ने मनीष सिसोदिया को अपने बीच पाकर जहां एक और सेल्फी ली वहीं युवाओं में काफी जोश दिखाई दिया। यहां से डोर टू डोर करते हुए वह नानकमत्ता पहुंचे जहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया।



नानकमत्ता में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज नानकमत्ता पहुंचकर मुझे पूरा यकीन है कि यहां के युवाओं का जोश देखकर हमारी जीत पक्की है। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए 4 दिन बचे हैं इन 4 दिनों में अपना जोश बरकरार रखें ताकि हम सीट जीतने के साथ सरकार भी बना सके।इस दौरान कांग्रेस बीजेपी पर निशाना साधते हुए मनीष सिसोदिया ने कहा कि दोनों ही दल वोट मांग रहे हैं ,लेकिन इनको सिर्फ प्रदेश के संसाधनों को लूटने के लिए वोट चाहिए और आज तक इन्होंने प्रदेश को लूटने का काम किया है। इन दोनों ने रोजगार नहीं दिए और अब रोजगार छीनने के लिए यह वोट मांग रहे हैं। दोनों ही दलों को कोई काम नहीं करना, क्योंकि 10—10 साल जनता ने दोनों को मौका दिया लेकिन यहां के स्कूलों को खंडहर बना कर रखा है। इन लोगों के एजेंडे में शिक्षा नहीं है सिर्फ आम आदमी पार्टी है जो स्कूल बनाने की बात कर रही हो। हमारी सरकार में किसी भी नौजवान को प्रदेश से बाहर पढ़ने और रोजगार के लिए नहीं जाना पड़ेगा यह हमारा जनता से वादा है। बीजेपी ने 5000 स्कूल उत्तराखंड में बंद कराने का काम किया है लेकिन हमारी पार्टी सभी स्कूलों का उच्चीकरण और कायाकल्प करने का काम करेगी। उन्होंने आगे कहा कि यहां के अस्पतालों के हालात बहुत बुरे हैं अगर किसी की तबीयत खराब हो जाए तो सभी का इलाज दिल्ली में होता है। लेकिन हमारा आपसे वादा है कि हम यहां पर अच्छे अस्पताल बना कर दिखाएंगे। प्रदेश में बिजली के बिल से लोग हलकान हैं ,लेकिन हमारी पार्टी सत्ता में आते ही 300 यूनिट बिजली मुफ्त देगी और उसका बिल जीरो आएगा।

## न्यूज डायरी

### आबकारी विभाग ने 9पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की

**संवाददाता** पुरोला। आबकारी विभाग ने यहां एक प्राइवेट वाहन से 9पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। वाहन को विभाग ने कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। वाहन स्वामी के खिलाफ विभाग ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दिया है। आबकारी निरीक्षक के के सोनी के नेतृत्व में बड़कोट व पुरोला की संयुक्त विभागीय टीम ने यहां पुरोला मोरी मोटर मार्ग के किमी दो में सघन चौकिंग अभियान के दौरान रात्रि सवा दस बजे अल्टो वाहन संख्या यूके07डीक्यू9404 से नौ पेटी अवैध शराब बरामद की है। आबकारी निरीक्षक सोनी ने बताया कि वाहन चालक ने रात में अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। उन्होने बताया कि वाहन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया है।

### ग्लेनमार्क ने नाइट्रिक ऑक्साइड नेजल स्प्रे( फैबीस्प्रे) किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क)—एक वैश्विक, नवाचार—संचालित दवा कंपनी और कनाडाई दवा कंपनी सैनोटाइज रिसर्च एंड डेवलपमेंट कॉर्प आज भारत में फैबीस्प्रे ब्रांड नाम के तहत अपने नाइट्रिक ऑक्साइड नेजल स्प्रे को लॉन्च करने की घोषणा की कोविड—19 वाले वयस्क रोगियों के उपचार के लिए जिन्हें रोग के बढ़ने का उच्च जोखिम है। ग्लेनमार्क को पहले त्वरित अनुमोदन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में एनओएनएस के लिए भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) से विनिर्माण और विपणन अनुमोदन प्राप्त हुआ था। फैबीस्प्रे, नाइट्रिक ऑक्साइड नेजल स्प्रे, ऊपरी वायुमार्ग में कोविड—19 वायरस को मारने के लिए डिजाइन किया गया है।

### न्युवोको विस्टास बिक्री में बढ़त को लेकर उत्साहित

**संवाददाता** देहरादून। न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एक प्रमुख निर्माण सामग्री निर्माता कंपनी और भारत में क्षमता के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी, ने भारतीय बाजार के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए अपनी स्थापित व्यापार रणनीति के साथ अपने निवेश और विस्तार योजनाओं की घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी अपने सभी बाजारों में सीमेंट की आपूर्ति को सुनिश्चित बनाए रखने को प्राथमिकता दे रही है। न्युवोको अपने बाजार आधार में विविधता लाने और व्यावसायिक जोखिम को कम करने की इच्छा के साथ सस्टेनेबल ग्रोथ के लिए कई परियोजनाओं पर काम कर रहा है। रिस्दा और निंबोल सीमेंट प्लांट्स में क्लिंकर क्षमता बढ़ाने के लिए चल रही बाधाओं को दूर करने वाली परियोजनाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं।

## प्रदेश में नवपरिवर्तन और विकास के लिए जनता आप के साथ

**संवाददाता** देहरादून/उत्तरकाशी। आम आदमी पार्टी के सीएम उम्मीदवार कर्नल कोठियाल ने आज गंगोत्री विधानसभा में 4 ग्राम सभाओं में जाकर डोर टू डोर प्रचार करते हुए जनता सेजनसंपर्क किया। सबसे पहले कर्नल कोठियाल चामकोट ग्रामसभा सुबह 10 बजे पहुंचे ,जहां पहुंचते ही आप कार्यकर्ताओं ने और स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने पूरी ग्राम सभा में डोर टू डोर जाकर घर—घर दस्तक देते हुए आप पार्टी की नीतियों से जनता को अवगत कराया।

उन्होंने आप आदमी पार्टी का विजन जनता को बताते हुए कहा कि ,जिस तरीके से हमने दिल्ली में कार्य किए हैं उसी तरीके से हमारी सरकार बनने पर उत्तराखंड में भी कार्य किए जाएंगे। आज यहां के युवाओं को रोजगार के लिए दर—दर भटकना पड़ता है ,लेकिन हमारी सरकार में हम यह सुनिश्चित करेंगे कि, यहां के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के लिए पलायन ना करना पड़े। उन्हें यहीं हम नौकरियां उपलब्ध करवाएंगे। इस दौरान लोगों ने उन्हें अपनी समस्याएं भी बताई। उन्होंने कहा कि मेरा मकसद यहां के युवाओं को आगे बढ़ाना है और हमने हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है।

उन्होंने युवाओं से कहा कि आप पहली बार वोट देने जा रहे हैं तो सोच समझकर आप अपना वोट दें और उस पार्टी को आप अपना समर्थन दें जो आप के विकास के बारे में सोचती है।



## जो भी सरकार बने वह किसान हितैषी हो: टिकैत

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत गंगा रक्षा को लेकर 18 दिनों से आंदोलनरत मातृ सदन के परमाध्यक्ष स्वामी शिवानंद को समर्थन देने के लिए हरिद्वार पहुंचे। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत समर्थन देने सदन पहुंचे। उन्होंने स्वामी शिवानंद से विस्तृत बातचीत की। उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। शासन प्रशासन को आड़े हाथों लेते उन्ध्होंने कहा कि किसान गंगा रक्षा को लेकर सदन के आंदोलन के साथ खड़े हैं। इसके बाद मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में राकेश टिकैत ने कहा कि वह किसानों के आंदोलन के साथ हैं।

## विकास चाहिए तो फिर से डबल इंजन सरकार बनाओ: सीएम धामी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाएं पहाड़ के अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। सरकार बनने पर हर क्षेत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाई जाएगी। उनके हुनर को निखारा जाएगा।

यहां कांडा के सिमकूना में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में फिर विकास चाहिए तो फिर से डबल इंजन सरकार बनाओ। भाजपा प्रत्याशी सुरेश गढ़िया के समर्थन में पहुंचे सीएम ने कहा कि सरकार ने पांच साल में ऐतिहासिक कार्य किए हैं।



केंद्र सरकार ने अटल आयुष्मान योजना लागू कर गरीबों को पांच लाख तक का इलाज मुफ्त कराने की व्यवस्था की है। अब तक प्रदेश में लाखों लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हर घर नल योजना से लोगों को एक रुपये में पानी का संयोजन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा किकेंद्र सरकार ने वन रेंक वन पेंशन लागू कर पूर्व सैनिकों की दशकों पुरानी मांग पूरी की है। सैनिकों को सम्मान भाजपा ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश को खुले में शौच से मुक्त कर दिया है। हर घर को शौचालय बनाने के लिए रकम उपलब्ध कराई है।

## भारत का सबसे बड़ा फैशन स्टोर, ट्रेंड्स अब खटीमा में खुला

**संवाददाता** खटीमा। भारत की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पेशलिटी चेन, ट्रेंड्स ने उत्तराखण्ड राज्य के उधमसिंह नगर जिले के खटीमा शहर में अपने स्टोर के लांच की घोषणा की। ट्रेंड्स ने भारत में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1, 2 शहरों और छोटे—छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क को मजबूत कर फैशन को घर—घर पहुंचाया है और यह भारत की मनपसंद फैशन की जगह है। खटीमा में ट्रेंड्स स्टोर को आधुनिक शैली से बनाया गया है और इसका माहौल भी शानदार है। यहां आपको बढ़िया क्वालिटी और फैशन का सामान किफायती दामों पर मिलेगा और ये खासियत इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बहुत पसंद आएगी। इस शहर के ग्राहकों को मिलेगा शॉपिंग का विशिष्ट और शानदार अनुभव जहां वे महिलाओं, पुरुषों, बच्चों के कपड़े व फैशन का सामान आकर्षक कीमतों पर पाएंगे।